NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th

Subject : वसंत

Chapter : 8

Chapter Name : यह सबसे कठिन समय नहीं

Q1 "यह कठिन समय नहीं है?" यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।

Answer – "यह कठिन समय नहीं है|" यह बताने के लिए कवि ने निम्नलिखित तर्क दिए हैं-

(i) अभी भी चिड़िया की चोंच में तिनका दबा है।

(ii) एक हाथ झड़ती हुई पत्ती को थामने के लिए बैठा है।

(iii) अभी भी एक रेलगाड़ी गंतव्य तक जाती है।

(iv) कथा का आख़िरी हिस्सा बूढ़ी नानी सुना रही है जिसमें अभी भी एक बस अंतरिक्ष के पार की दुनिया से बचे हुए लोगों की खबर लाएगी।

(v) अभी भी कोई किसी को कहता है कि जल्दी आ जाओ, सूरज डूबने का समय हो चला है।

Page : 46, Block Name : पाठ से

Q2 चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।

Answer. सूरज डूबने ही वाला है और सूरज डूबने से पहले चिड़िया अपने लिए घोंसला बनाना चाहती है। इसलिए चिड़िया अपनी चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में है। इन तिनकों से वह अपने लिये घोंसला बनाना चाहती हैं|

Page : 46, Block Name : पाठ से

Q3 कविता में कई बार 'अभी भी' का प्रयोग करके बातें रखी गई हैं, अभी भी का प्रयोग करते हुए तीन वाक्य बनाइए और देखिए उनमें लगातार, निरंतर, बिना रुके चलनेवाले किसी कार्य का भाव निकल रहा है या नहीं?

Answer.

I. अभी भी सूरज डूबने में समय है।
II. कक्षा खत्म होने में अभी भी बहुत समय बाकी है।
III. बेटे बेटी का ये अंतरद्वंद्व अभी भी जारी है।

aglasem.com

ऊपर दिए गए तीनों वाक्यों में कार्य के निरंतर चलने वाली प्रक्रिया का भाव है।

Page : 46, Block Name : पाठ से

Q4 "नहीं" और "अभी भी" को एक साथ प्रयोग करके तीन वाक्य लिखिए और देखिए 'नहीं' 'अभी भी' के पीछे कौन-कौन से भाव छिपे हो सकते हैं?

Answer.

I. नहीं, अभी भी चिड़िया की चोंच में तिनका दबा हुआ हैं|

II. नहीं , अभी भी बारिश रुकी नहीं हैं|

III. नहीं, अभी भी देर नहीं हुई हैं|

अभी भी, निरंतर चलने वाली प्रक्रिया का बोध कराता है तथा नहीं से कार्य के न होने का पता चलता है।

Page : 47, Block Name : पाठ से

Q1 घर के बड़े-बूढ़ों द्वारा बच्चों को सुनाई जानेवाली किसी ऐसी कथा की जानकारी प्राप्त कीजिए जिसके आखिरी हिस्से में कठिन परिस्थितियों से जीतने का संदेश हो |

Answer - घर के बड़े-बूढ़ों से बातचीत के आधार पर छात्र स्वयं करें |

Page : 47, Block Name : कविता से आगे

Q2 आप जब भी घर से स्कूल जाते हैं कोई आपकी प्रतीक्षा कर रहा होता है। सूरज डूबने का समय भी आपको खेल के मैदान से घर लौट चलने की सूचना देता है कि घर में कोई आपकी प्रतीक्षा कर रहा है-प्रतीक्षा करनेवाले व्यक्ति के विषय में आप क्या सोचते हैं? अपने विचार लिखिए।

Answer. जब हम घर से स्कूल या शाम को खेलने जाते हैं तो घर पर माँ हमारी प्रतीक्षा करती है। देर हो जाने पर वो परेशान हो जाती है। वह हमें हर प्रकार के कष्टों से बचाना चाहती है।

Page : 47, Block Name : कविता से आगे

Q3 अंतरिक्ष के पार की दुनिया से क्या सचमुच कोई बस आती है जिससे ख़तरों के बाद भी बचे हुए लोगों की खबर मिलती है? आपकी राय में यह झूठ है या सच? यदि झूठ है तो कविता में ऐसा क्यों लिखा गया? अनुमान लगाइए यदि सच लगता है तो किसी अंतरिक्ष संबंधी विज्ञान कथा के आधार पर कल्पना कीजिए वह बस कैसी होगी, वे बचे हुए लोग ख़तरों से क्यों घिर गए होंगे? इस संदर्भ को लेकर कोई कथा बना सकें तो बनाइए।

Answer. प्रस्तुत कविता में कवि ने अपना आशय स्पष्ट करने के लिए कल्पना का सहारा लिया है। अंतरिक्ष के पार की दुनिया की सभी बातें काल्पनिक है।

Page : 47, Block Name : अनुमान और कल्पना

aglasem.com